# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।

## जनपदीय क्वालिटी एश्योरेंस समिति तैमासिक समीक्षा बैठक दिनांक–27 जुलाई 2017

### बैठक कार्यवृत्ति

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गठित जिला क्वालिटी एश्योरेंस समिति, जनपद लखनऊ की त्रैमासिक बैठक दिनांक 27 जुलाई 2017 को सांय काल 5:00 बजे डा0 ए0पी0जे0 अब्दुलकलाम कलेक्ट्रट सभागार, पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी।

बैठक में एजेण्डावार विषयों पर समिति के सदस्यों द्वारा विचार विर्मश किया गया एवं सर्वसम्मति से अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्णय लिया गया जो निम्नवत है:–

| प्रस्ताव | चर्चा एवं अनुमोदन का विवरण |
|---|---|
| **पिछली बैठक** दिनांक 28.03.2017 की कार्यवाही की पुष्टि । | समिति सदस्यों के समक्ष पिछली बैठक दिनांक 28.03. 2017 की कार्यवाही सदस्यों को पढकर सुनायी गयी जिसकी सदस्यों द्वारा पुष्टि की गयी। जिला अधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिला सलाहकार क्वालिटी एश्योरेंस द्वारा निम्न बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी।<br><br>I- कायाकल्प अवार्ड योजना की चेकलिस्ट में 0 एवं 1 अंक वाले गैप्स को पूर्ण करा कर स्कोर को बढाया जाये। उक्त से सम्बन्ध में दिनांक 05 जुलाई 2017 को कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी , लखनऊ में बैठक की गयी । बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि कम बजट वाले गैप्स को रोगी कल्याण समिति मद से जल्द से जल्द पूरा कराया जाये।<br><br>II- समस्त चिकित्सालयों की साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। उक्त के सम्बन्ध में रोगी कल्याण समिति मद से चिकित्सा इकाईयो की साफ–सफाई हेतु पर्याप्त कंज्यूमेबल्स (कलर्ड बायोमेडिकल वेस्ट बिन्स एवं लाइनर्स) की उचित मात्रा में आपूर्ति तथा 3 बकेट सिस्टम का उपलब्धता पूर्ण की जाये। |
| **बिन्दु संख्या 1.** क्वालिटी एश्योरेन्स कार्यक्रम का परिचय। | बैठक में क्वालिटी एश्योरेंस के सम्बन्ध में सभी उपस्थित सदस्यों एवं पदाधिकारियों को जिला सलाहकार क्वालिटी एश्योरेंस, लखनऊ द्वारा NQAS (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैण्डर्ड) प्राप्त करने के मानक क्या–क्या हैं। तथा सर्टिफिकेशन के लिये मानक कैसे पूर्ण करना है। |

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | तथा सर्टिफिकेशन के लिये मानक कैसे पूर्ण करना है इसके बारे में पूर्ण जानकारी दी गयी। |
| **बिन्दु संख्या 2.** NQAS (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैण्डर्ड) में चयनित चिकित्सालय का विवरण। | जनपद लखनऊ में NQAS (नेशन क्वालिटी एश्योरेंस स्टैण्डर्ड) के लिये चयनित चिकित्सा इकाई जिला चिकित्सालय डा0 राम मनोहर लोहिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिनहट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोसाईगंज के बारे में चर्चा की गयी। |
| **बिन्दु संख्या 3.** क्वालिटी एश्योरेन्स कार्यक्रम के अन्तर्गत किये गये कार्यो की समीक्षा । | जनपद लखनऊ में Statutory requirement के लिये चयनित इकाईयों का विवरण दिया गया। जिसमें जिलास्तरीय डा0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिनहट, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोसाईगंज है ।<br>1. फायर सेफ्टी हेतु रू. 35000/धनराशि।<br>2. आर0एम0एल0 मेहरोत्रा लैब का सर्टिफिकेशन प्राप्त करने हेतु रजिस्ट्रेशन के लिये रू0 2000/धनराशि।<br>3. उपकरणो के कैलिब्रेशन के लिये रू0 50000/धनराशि।<br><br>**(कार्यवाही–** (क). मुख्य चिकित्साधिकरी द्वारा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोसाईगंज को निर्देश दिये गये कि फायर सेफ्टी मॉकड्रिल शीघ्र करायी जाये। तथा चिकित्सालयों में लगे फायर एक्सिटिंगविशर जिनकी तिथि समाप्त हो गयी है उन्हे पुनः शीघ्र ही रिफिल कराया जाये।<br>(ख). डा0 राम मनोहर लोहिया जिला स्तरीय चिकित्सालय ने अवगत कराया कि उपकरणो के कैलिब्रेशन हेतु अधिक बजट की आवश्यकता है उक्त के कम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि सम्बन्धित चिकित्सालय कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मांग पत्र लिखे ताकि उसे डिस्ट्रिक एक्शन प्लान में डाला जा सके।) |
| **बिन्दु संख्या 4.**<br>एच0एल0एफ0पी0पी0टी0 संस्था द्वारा प्रशिक्षित (7) चिकित्सकों को इम्पैनलमेन्ट करने का अनुमोदन। | परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत एच0एल0एफ0पी0पी0टी0 संस्था द्वारा प्रशिक्षित 07 चिकित्सकों की विवरण।<br>1. डा0 का मन्जू शुक्ला<br>2. डा0 इन्दू टण्डन<br>3. डा0 हेम प्रभा गुप्ता<br>4. डा0 रेखा तिवारी<br>5. डा0 विद्यावती<br>6. डा0 अनीता रानी गुप्ता<br>7. डा0 रेनू सिंह |

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
लखनऊ

| | |
|---|---|
| | कों इम्पैनलमेन्ट करने का अनुमोदन दिया गया। |
| **बिन्दु संख्या 5.** अन्य बिन्दु, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से। | जिला सलाहकार द्वारा क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अन्तर्गत कुछ कार्य जैसे कि– Pest Control agreement, Mopping के लिये 3 बकेट सिस्टम, Water testing , OT culture आदि जैसे फैसेलिटी की साफ–सफाई एवं सुद्धीकरण के लिये किये गये कार्यो की चर्चा की गयी। |

(डा0 अनूप कुमार श्रीवास्तव)
**अपर मुख्य चिकित्साधिकारी**
**सदस्य सचिव/नोडल क्वालिटी एश्योरेंस**
लखनऊ।

4.8.17

(डा0 (मेजर) जी0एस0 बाजपेई)
**मुख्य चिकित्साधिकारी**
**संयोजक, क्वालिटी एश्योरेंस**
लखनऊ।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
लखनऊ

04/08/17

(श्री कौशल राज शर्मा (आई.ए.एस.)
**जिला अधिकारी**
**अध्यक्ष, जिला क्वालिटी एश्योरेंस**
लखनऊ।